राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 147
लखनऊ, बुधवार 28 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रक्रिया पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं 07
एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित 09

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,62,100/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,48,600/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,610/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,70,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में बिजली कर्मियों का देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

**लखनऊ।** बिजली क्षेत्र के निजीकरण और विद्युत संशोधन विधेयक-2025 के विरोध में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का नोटिस केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंपा है। एआईपीईएफके चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि सार्वजनिक बिजली क्षेत्र को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 पेश किया गया तो देशभर में तात्कालिक लाइटनिंग एक्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन बिल और राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 सस्ती बिजली, सार्वजनिक स्वामित्व, संघीय ढांचे और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए घातक हैं।

### पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो मामलों की पुष्टि : एनसीडीसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो मामले सामने आए हैं, जिसने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच मंगलवार को राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पिछले साल दिसंबर से अबतक निपाह वायरस के सिर्फ दो मामलों की पुष्टि हुई है। इन दोनों मामलों के सामने आने के बाद केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर तुरंत ज़रूरी स्वास्थ्य कदम उठाए। इन मरीजों के संपर्क में आए 196 लोगों की पहचान की गई, उनकी जांच की गई और निगरानी रखी गई। सभी 196 लोग स्वस्थ हैं, उनमें कोई लक्षण नहीं हैं और सभी की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

### ब्रह्मपुत्र नदी में नाव पलटी, छह लापता

**बरपेटा (असम)।** असम के बरपेटा जिले के चेंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहमपुर इलाके में मंगलवार को ब्रह्मपुत्र नदी में एक यात्री नाव के पलट जाने से हड़कंप मच गया। इस घटना में कम से कम छह लोग लापता बताए जा रहे हैं। प्रशासन ने बताया है कि लापता यात्रियों के संबंध में अब तक कोई पुष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। बचाव अभियान जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यात्रियों को लेकर जा रही नाव अचानक असंतुलित होकर नदी में पलट गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया। प्रथम बटालियन एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम सोनार सिस्टम के साथ मौके के लिए रवाना हो चुकी है।


### उत्तर, पश्चिम भारत में बारिश से सर्दी ने फिर दी दस्तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर एवं पश्चिम भारत के अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार को हल्की से मध्यम बारिश होने से सर्दी ने फिर दस्तक दी। इससे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र में जहां कुछ इलाकों में हवा साफ हुई है, वहीं कुछ इलाके अब भी जहरीली हवा की चपेट में हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक आज इन क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से जारी है और इसकी गति 60 किमी तक पहुंचने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 28 जनवरी को भी इन क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचे स्थानों पर हिमपात होने तथा कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि होने का अनुमान है। 28 जनवरी को सुबह हल्के से मध्यम कोहरा रहने, अधिकतम तापमान 17-19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 11-13 डिग्री सेल्सियस बने रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 28-31 जनवरी तक शीत लहर चलने के आसार हैं जबकि उत्तर प्रदेश, राजस्थान में 28-30 जनवरी तक और उत्तराखंड, बिहार में 28-31 जनवरी तक सुबह-शाम घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है।

# भारत-ईयू के बीच मदर ऑफ ऑल डील्स संपन्न, समझौता ऐतिहासिक : मोदी

▸ समझौता भारत के 140 करोड़ लोगों व यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए बहुत बड़े अवसर लेकर आया

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



### ईयू से द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा समझौता कर तीसरा एशियाई देश बना भारत

यूरोपियन यूनियन (ईयू) और भारत ने कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा के बाद मंगलवार को यहां साझेदारी पर सहमति जताई। भविष्य के लिए तैयार क्षमताएं बनाने के लिए सप्लाई चेन बनने के बाद भारत और ईयू देशों के बीच और ज्यादा सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। इस रक्षा समझौते के साथ ही भारत ईयू के साथ सुरक्षा और रक्षा साझेदारी बनाने वाले जापान और साउथ कोरिया के साथ तीसरा एशियाई देश बन गया है।

भारत और यूरोप के 27 देशों के आर्थिक और राजनीतिक यूनियन यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सहमति हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए इस समझौते को ऐतिहासिक करार दिया।


प्रधानमंत्री ने यह घोषणा गोवा में आयोजित ऊर्जा क्षेत्र पर भारत के वैश्विक सम्मेलन 'इंडिया एनर्जी वीक' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए की। श्री मोदी ने कहा कि अपनी बात आगे बढ़ाने से पहले मैं एक बड़े सकारात्मक घटनाक्रम की चर्चा करना चाहूंगा। कल ही भारत और यूरोपीय संघ के बीच एक बहुत बड़ा समझौता हुआ है। दुनिया में लोग इसकी चर्चा 'मदर ऑफ ऑल डील्स' (अब तक के सबसे बड़े व्यापार समझौते) के रूप में कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के 140 करोड़ लोगों और यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए बहुत बड़े अवसर लेकर आया है। ये दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का एक शानदार उदाहरण बना है। यह समझौता वैश्विक जीडीपी के करीब 25 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के करीब एक-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। यह समझौता व्यापार के साथ-साथ लोकतंत्र और कानून के शासन के प्रति हमारी साझी प्रतिबद्धता को भी सशक्त करता है।

उल्लेखनीय है कि ईयू भारत का एक प्रमुख व्यापारिक और आर्थिक भागीदार है। साल 2024-2025 में दोनों के बीच 136 अरब डॉलर के सामान का व्यापार हुआ था। भारत वहां से मुख्य रूप से मशीनें, परिवहन उपकरण और रसायनों का आयात करता है, जबकि भारत की ओर से वहां मशीनें, रसायन, लोहा, एल्मुनियम और तांबा जैसी प्राथमिक धातुएं, खनिज उत्पाद तथा कपड़ा और चमड़े के सामान आदि का निर्यात होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, साथियों, ईयू के साथ हुआ यह एफटीए ब्रिटेन और एफटा (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) समझौतों का पूरक होगा। इससे व्यापार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला दोनों को मजबूती मिलेगी। मैं भारत के नौजवानों को, सभी देशवासियों को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा और चमड़े के सामान जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े साथियों को भी बधाई देता हूं। यह समझौता आपके लिए बहुत सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते से भारत में विनिर्माण को तो बल मिलेगा ही, साथ ही सेवा से जुड़े क्षेत्र का भी और अधिक विस्तार होगा। यह एफटीए दुनिया के हर व्यापार, हर निवेशक के लिए भारत पर विश्वास को और मजबूत करेगा।

### यह केवल शुरुआत है, द्विपक्षी रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे : ईयू प्रमुख



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को एक नये इतिहास की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि दोनों पक्ष अपने रणनीतिक संबंधों को भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को इस समझौते की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारत और यूरोप आज इतिहास बना रहे हैं। हमने वह समझौता कर लिया जो मदर ऑफ आल डील्स (अब तक का सबसे बड़ा समझौता) कर लिया है। हमने दो अरब की आबादी का एक मुक्त क्षेत्र सृजित किया है जिससे दोनों पक्षों को लाभ होने वाला है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने कहा, यह केवल शुरुआत है हम अपने रणनीतिक संबंधों को और भी मजबूत करेंगे।

### भारत-ईयू समझौते ने दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश : यूरोपीय परिषद अध्यक्ष



यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा ने मंगलवार को भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता वार्ता के सम्पन्न होने को दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक व्यवस्था मौलिक रूप से बदल रही है, यूरोपीय संघ और भारत रणनीतिक और भरोसेमंद साझेदार के रूप में एक साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा प्रेस वक्तव्य में कोस्टा ने कहा कि व्यापार एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक स्थिरता लाने वाला कारक है और आर्थिक विकास का मूलभूत स्रोत है। व्यापार समझौते नियम-आधारित आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करते हैं और साझा समृद्धि को बढ़ावा देते हैं। आज के मुक्त व्यापार समझौता का ऐतिहासिक महत्व है। यह अब तक हुए सबसे महत्वाकांक्षी समझौतों में से एक है। यह 2 अरब लोगों का एक बाज़ार बनाता है। कोस्टा कहते हैं, आज एक ऐतिहासिक पल है। हम व्यापार, सुरक्षा और लोगों के बीच संबंधों में अपने रिश्तों में एक नया अध्याय खोल रहे हैं।

# सशक्त, समृद्ध आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए संकल्पित हों : योगी

▸ सीएम का 77वें गणतंत्र दिवस पर आह्वान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि वे संविधान के आदर्शों से प्रेरित होकर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु संकल्पित हों।

योगी आदित्यनाथ ने यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद अपने संबोधन में कहा, भारत का संविधान व्यक्ति नहीं समष्टि के भाव को जोड़ने की प्रेरणा देता है। यदि कोई व्यक्ति कहता है कि मैं न्याय से ऊपर हूं, संविधान से ऊपर हूं, व्यवस्था से ऊपर हूं तो मुझे लगता है कि वह भारत के संविधान की अवमानना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आज का यह दिवस हम सबको भारत के महान संविधान के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने एवं संकल्पों को आगे बढ़ाने की नयी प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी संविधान की मूल भावनाओं का अनादर होता है तो वास्तव में भारत माता के उन सपूतों का, जिनके बल पर यह देश स्वतंत्र हुआ, उनका भी अनादर होता है। उन्होंने कहा, यह अनादर सिर्फ संविधान का ही नहीं, उन महान पुरुषों का भी अपमान है, जिनके बल पर यह देश स्वतंत्र हुआ। इसलिए हर नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण भाव के साथ कार्य करे।

### संविधान के असली संरक्षक हैं भारत के नागरिक

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज ही के दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा, ''76 वर्ष की यात्रा में इस संविधान ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं... लेकिन एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अपने संकल्पों के अनुरूप उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक, भारत की एकात्मकता और एकता के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए हम सब एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। इसमें हमारे संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। योगी ने कहा कि भारत के संविधान का असली संरक्षक अगर कोई है तो भारत का नागरिक है। उस नागरिक के प्रति हर एक संस्था को, हर नागरिक को, हर मंत्रालय और विभागों को अपनी जवाबदेही को सुनिश्चित करना होगा। यह संविधान हमारे समर्पण के भाव को भी व्यक्त करता है।

### शंकराचार्य के मुद्दे पर योगी के समर्थन में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर का त्यागपत्र

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** शंकराचार्य से विवाद के बाद अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में यूपी के बरेली सिटी मजिस्ट्रेट पद से अलंकार अग्निहोत्री के त्यागपत्र का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि अयोध्या के जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार ने अपना त्यागपत्र राज्यपाल को भेज दिया है। जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार ने पत्रकारों से कहा कि मैंने पीएम मोदी व सीएम योगी के समर्थन में अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। प्रशांत ने कहा कि शंकराचार्य ने सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी करके उनका अपमान किया है। मैं इसी प्रदेश का नमक खाता हूं और प्रदेश से ही मुझे वेतन मिलता है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए मुख्यमंत्री हैं, इस तरह से मैं उनका अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता।









जय भीम | बहुजन समाज पार्टी जिंदाबाद | बहुजन समाज पार्टी जिंदाबाद | जय भीम



मा. बहन कु. मायावती जी
पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

महात्मा ज्योतिबा राव फूले | छत्रपति शाहूजी महाराज | श्री नारायणा गुरू | डॉ. भीमराव अम्बेडकर | मा. कांशीराम जी

कमालगंज चतुर्थ क्षेत्र के समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें

कमालगंज चतुर्थ क्षेत्र से
जिला पंचायत सदस्य पद हेतु
आपका अपना शिक्षिक एवं अनुभवी
प्रत्याशी



सीमा तिवारी

प्रतिष्ठानः
सोनू ज्वैलर्स, रजीपुर
अमित ज्वैलर्स, कमालगंज



मयंक तिवारी (सोनू)
मो. 6387685850

! जय श्री राम !
सबका साथ-सबका विकास | जय भाजपा-तय भाजपा-विजयी भाजपा
BJP
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
मा. फतेहचन्द्र राजपूत | मा. मुकेश राजपूत
कमालगंज चतुर्थ से जिला पंचायत सदस्य
पद हेतु
गजेन्द्र सिंह
मा. नागेन्द्र सिंह राठौर
विधायक भोजपुर, विधानसभा फर्रुखाबाद
पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत शेरपुर सराय

ॐ
नीलकंठ हॉस्पिटल
3C/51 लोहियापुरम् आवास विकास, फर्रुखाबाद 209625

डा. आर के. जैन — एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जन)
डा. विकास अग्रवाल — एम.बी.बी.एस. (आर्थो सर्जन) हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. मधुमोहन सिंह — एम.बी.बी.एस. (फिजीशियन)
डा. मृदुल चौहान — बी.एस.सी., बी.ए.एम.एस.
डा. अलका चौहान — स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. अनवर मेराज — एम.बी.बी.एस., एम.डी. (फिजीशियन)
डा. पूजा सिंह राठौर — स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुविधायें: जनरल सर्जरी – पित्त की पथरी, हार्निया, हाईड्रोशील भगन्दर, पाईल्स, गुर्दे की पथरी, बच्चेदानी के ट्यूमर, रसौली, अपेन्डिस के आपरेशन ऑपरेशन से बच्चा होने की सुविधा, नार्मल डिलीवरी, समस्त प्रकार की खून की जाँचों की सुविधा समस्त प्रकार के ऑपरेशन रियाती दरो पर उपरोक्त सुविधायें उपलब्ध हैं। गरीब मरीजों के इलाज में विशेष छूट।

24 घण्टे एम्बुलेन्स सुविधा उपलब्ध
24/7 Emergency Service



संस्थापक: गजेन्द्र सिंह
Mob- 9839102679, 9450204732



गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
26 JANUARY
INDIA REPUBLIC DAY

समीर नर्सिंग होम एण्ड अल्ट्रासाउण्ड सेंटर
कानपुर रोड, कमालगंज,
फर्रुखाबाद

-:सुविधाएं:-
1. अत्याधुनिक 40 रंगीन अल्ट्रासाउंड मशीन
2. डिजिटल एक्स-रे मशीन
3. 24 घंटे पैथोलॉजी सुविधा
4. सभी प्रकार के मरीजों की भर्ती एवं इलाज की सुविधा
5. सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा
6. अत्याधुनिक वातानुकूलित ऑपरेशन थियेटर
7. आईसीयू एवं नवजात शिशु के लिए एनआईसीयू सुविधा
8. सामान्य एवं जटिल प्रसव की सुविधा
9. 24 घंटे आपातकाल सुविधा

डा0 रश्मि मिर्जा स्त्री रोग विशेषज्ञ मोबाइल नम्बर 9454532866 | संचालक अनवर मिर्जा मोबाइल नम्बर 9918757371

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

जकी आलम उर्फ गुड्डू — ग्राम प्रधान सरफाबाद, कमालगंज, फर्रुखाबाद | असद उर्फ अयूब | इंतजार हुसैन | सलमान | परवेज आलम



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
कमालगंज पंचम से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु भावी प्रत्याशी
मुवीन सिद्दीकी
मदरसा जफरूल इस्लाम पब्लिक स्कूल, जरारी कमालगंज
मो. 9919525144

## चापलूसी करने को बाध्य

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) की स्थापना का प्रयास किया है, उसमें अभी तक वे 19 देश शामिल हुए हैं, जो अमरीका की चापलूसी करने को बाध्य हैं। अलग-अलग कारणों से अमरीका के मोहताज हैं। अमरीका ही उन्हें सुरक्षा की गारंटी देता है और वह ही आर्थिक मदद करता है। उन 19 में से 12 देश इस्लामिक हैं। उनमें पाकिस्तान ने भी 'शांति बोर्ड' की सदस्यता के लिए दस्तखत किए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जब प्रारूप पर दस्तखत किए, तो सीडीएफ आसिम मुनीर भी सामने बैठे थे। अब इस फैसले के खिलाफ पाकिस्तान में 'जेहाद' के नारे बुलंद किए जा रहे हैं। इसके कुछ खास कारण हैं। पाकिस्तान अभी तक इजरायल को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता। वह फिलिस्तीन का समर्थक रहा है, लेकिन अब पाकिस्तान के 4000 फौजियों को गाजा क्षेत्र में इजरायल सेना के नेतृत्व में काम करना पड़ेगा। ट्रिगर इजरायल के हाथ में होगा और लड़ने-मरने वाले मुस्लिम फौजी होंगे। पाकिस्तान के मुस्लिम फौजियों को फिलिस्तीन, गाजा, हमास के मुसलमानों पर ही गोली चलानी पड़ेगी। जाहिर है कि मुसलमान ही मुसलमान का कत्ल करेगा! अहम और बुनियादी कारण यह है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद को विश्वास में क्यों नहीं लिया? संसद की इजाजत के बिना इतना अहम फैसला कैसे ले लिया गया कि पाकिस्तान के 4000 फौजी गाजा में सक्रिय रहेंगे। उन्हें जो 1000 डॉलर प्रति का मेहनताना मिलेगा, वह 40 लाख डॉलर की राशि सीडीएफ आसिम मुनीर हासिल करेगा। फौजियों को जो देना होगा, वह हुकूमत तय करेगी। फौजी की मौत के बाद पर्याप्त मुआवजा और सम्मान राशि कितनी होगी और कौन देगा, यह अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उस पर भी मुनीर की 'डकैत निगाहें' होंगी! पाकिस्तान में कट्टरपंथी जमात इसे 'इस्लाम-विरोधी' और 'अल्लाह-विरोधी' फैसला करार दे रही है। खासकर सीडीएफ मुनीर के खिलाफ फतवे जारी किए जा रहे हैं। अवाम का मानना है कि शहबाज-मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रंप के सामने दंडवत आत्मसमर्पण कर दिया है, क्योंकि पाकिस्तान को पैसा चाहिए। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे मुस्लिम देशों ने पाकिस्तान को कर्ज देने से इंकार कर दिया है। चीन अपने उधार दिए गए कर्ज को वापस मांग रहा है। यदि आईएमएफ और विश्व बैंक से आर्थिक पैकेज की अपेक्षा करनी है, तो अमरीका ही एकमात्र सहारा है। राष्ट्रपति ट्रंप के इशारे पर ही पाकिस्तान को नया कर्ज मिल सकता है। पाकिस्तान पर फिलहाल 130 अरब डॉलर के करीब का कर्ज है। पाकिस्तान के हरेक नागरिक पर औसतन 3,63,831 पाक रुपए का कर्ज है। करीब 60 फीसदी अवाम गरीबी-रेखा के नीचे जीने को विवश है। भारत से करीब 25 गुना अधिक महंगाई पाकिस्तान में है। अवाम में जेहाद के नारों के साथ 'मुनीर की वर्दी उतारने' के नारे भी गूंज रहे हैं। 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' सरीखा संगठन भड़क उठा है और आत्मघाती हमलों की धमकियां दे रहा है। फिलहाल 'शांति बोर्ड' की सदस्यता निःशुल्क है, लेकिन स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर की फीस अदा करनी होगी। भारत की मौजूदा मौद्रिक स्थिति के मुताबिक, यह राशि 9100 करोड़ रुपए से अधिक बनती है। पाकिस्तान को अधिक राशि का भुगतान करना पड़ेगा। 'घर में नहीं दाने, अम्मा चली भुनाने' भूखा-नंगा पाकिस्तान इतनी रकम कैसे दे पाएगा? यानी सब कुछ अस्थायी है अभी। यदि विश्व-व्यवस्था के संदर्भ में इस 'शांति बोर्ड' का विश्लेषण करें, तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी और वीटोधारक सदस्य देशों में से सिर्फ अमरीका ही सदस्य है। रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन समेत भारत, जर्मनी, इटली, कनाडा, नॉर्वे, डेनमार्क, स्वीडन, पराग्वे, स्लोवेनिया, तुर्किये, यूक्रेन आदि देश न तो बोर्ड से जुड़े हैं और न ही ट्रंप के निमंत्रण का जवाब दे रहे हैं।

# मदर ऑफ ऑल डील्स और भारत का उभरता वैश्विक आत्मविश्वास

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत और यूरोपीय संघ के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति आज बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सुदृढ़ होती भूमिका का स्पष्ट संकेत दे रही है। देखा जाए तो राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को हुआ यह समझौता उस भारत की तस्वीर पेश करता है, जिसे आज आप विश्व की उभरती हुई अर्थव्यवस्था से आगे वैश्विक आर्थिक विमर्श को दिशा देने वाली शक्ति के रूप में पहचानते हैं।

वस्तुतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसे ऐतिहासिक बताया जाना और वैश्विक मंचों पर इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा जाना भारत की इसी बदली हुई हैसियत को रेखांकित करता है। यूरोपीय संघ के 27 देशों और भारत के बीच हुआ यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाओं को गहरे आर्थिक और रणनीतिक सूत्र में बांधता है। यह समझौता वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 25 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के करीब एक तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। दो अरब से अधिक की सम्मिलित जनसंख्या वाला यह बाजार आने वाले वर्षों में उत्पादन, निवेश और उपभोग का विशाल केंद्र बनने जा रहा है। यही कारण है कि इसे व्यापारिक करार नहीं, साझा समृद्धि का खाका तक कहा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गोवा में आयोजित 'इंडिया एनर्जी वीक' के उद्घाटन सत्र में इस समझौते की घोषणा करते हुए जिस आत्मविश्वास का परिचय दिया, वह भारत की आर्थिक स्थिरता और नीतिगत स्पष्टता का परिणाम है। उनके अनुसार समझौता भारत के 140 करोड़ नागरिकों और यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा। कहना होगा कि आज जब दुनिया संरक्षणवाद और व्यापार अवरोधों की ओर झुकती दिख रही है, तब भारत और यूरोपीय संघ का मुक्त व्यापार के पक्ष में खड़ा होना बहुपक्षवाद और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को मजबूती देता है।

आर्थिक आंकड़े इस समझौते की महत्ता को और स्पष्ट करते हैं। वर्ष 2024-25 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच 136 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार हुआ। भारत यूरोप से मशीनें, परिवहन उपकरण और रसायनों का आयात करता है, जबकि भारत से मशीनें, रसायन, लोहा, एल्यूमिनियम, तांबा, खनिज उत्पाद, कपड़ा और चमड़े के सामान का निर्यात होता है। एफटीए लागू होने के बाद शुल्क और गैर शुल्क बाधाओं में कमी आएगी, जिससे भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। इसका सीधा लाभ किसानों, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा श्रम प्रधान क्षेत्रों को मिलेगा।



**आज भारत पारंपरिक विकास मॉडल से आगे बढ़कर नवाचार और तकनीक आधारित विकास की ओर अग्रसर है। ऐसे में यह समझौता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत द्वारा यूरोप के साथ पहले किए गए अन्य व्यापारिक करारों को मजबूती देता है। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका और सशक्त होगी। वैसे भी महामारी और भू राजनीतिक तनावों के बाद दुनिया आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता तलाश रही है और भारत एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रहा है। ऐसे में यूरोपीय संघ के साथ एफटीए इस विश्वास को संस्थागत रूप देता है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ यह एफटीए इसी व्यापक आर्थिक परिवर्तन को आज व्यापक स्तर पर दर्शा रहा है। यह समझौता भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, वैश्विक जिम्मेदारी और साझेदारी आधारित विकास मॉडल को भी दिखाता है। यदि वर्तमान गति और नीतिगत निरंतरता बनी रही, तो साल 2030 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य भारतवासियों के लिए कोई सपना नहीं रहेगा। निःस्संदेह यह समझौता भारत के वैश्विक आर्थिक उत्थान की यात्रा में मील का पत्थर है।**

सेवा क्षेत्र इस समझौते का एक और बड़ा लाभार्थी है। सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल सेवाएं, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान एवं विकास और स्टार्टअप इकोसिस्टम को यूरोप के बाजारों में नई संभावनाएं मिलेंगी। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय निवेश की योजना बना रहे मुख्य कार्याधिकारियों की नजर में भारत तेजी से ऊपर चढ़ा है। पीडब्ल्यूसी के 29वें ग्लोबल सीईओ सर्वे के अनुसार 13 प्रतिशत सीईओ भारत को निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य मानते हैं, जबकि पिछले वर्ष भारत इस सूची में पांचवें स्थान पर था। यह उछाल भारत की आर्थिक नीतियों और बाजार क्षमता पर बढ़ते वैश्विक भरोसे का प्रमाण है।

आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर भी भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2026 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है, जो वित्त वर्ष 2025 की 6.5 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। यह दर वैश्विक औसत से ऊंची है और प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से भी बेहतर है। भारतीय उद्योग जगत का विश्वास भी इसी दिशा में संकेत करता है। सर्वे के अनुसार 77 प्रतिशत भारतीय सीईओ देश की आर्थिक वृद्धि को लेकर आशावादी हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह आंकड़ा 55 प्रतिशत है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के आंकड़े भारत की इस मजबूती को और स्पष्ट करते हैं। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन की रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में भारत में एफडीआई में 73 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई और कुल 47 अरब डॉलर का निवेश आया। यह वृद्धि मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र में बड़े निवेशों से प्रेरित रही, हालांकि उत्पादन क्षेत्र में भी निवेश का प्रवाह बढ़ा है। साल 2014 से 2025 के बीच एफडीआई इक्विटी प्रवाह 7.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले दौर की तुलना में लगभग दोगुना है। यह आंकड़े बताते हैं कि भारत अब दीर्घकालिक निवेश के लिए एक भरोसेमंद गंतव्य बन चुका है।

कहना होगा कि सरकार की नीतिगत पहलों ने इस निवेश उछाल की नींव रखी है। 'मेक इन इंडिया' अभियान ने भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए। एफडीआई नियमों का सरलीकरण, रक्षा, रेलवे और बीमा जैसे क्षेत्रों में निवेश की सीमा बढ़ाना और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारत की ओर आकर्षित किया। परिणामस्वरूप ऐपल, सैमसंग, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी दिग्गज कंपनियों ने भारत में अरबों डॉलर के निवेश की घोषणाएं की हैं। ये निवेश तकनीक, कौशल और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करते हैं।

वैश्विक परिदृश्य में भारत का प्रदर्शन इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि कई अन्य बड़े देशों में निवेश में गिरावट देखी गई है। चीन में लगातार तीसरे वर्ष एफडीआई में कमी आई है, जबकि भारत इस प्रवृत्ति का अपवाद बनकर उभरा है। सेमीकंडक्टर मिशन, चिप्स निर्माण को बढ़ावा देने वाली नीतियां और नवीकरणीय ऊर्जा में 500 गीगावाट का महत्वाकांक्षी लक्ष्य भारत को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार कर रहे हैं। इन पहलों ने यूरोप, जापान और अन्य देशों से निवेश आकर्षित किया है। भारत ने साल 2026 के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लक्ष्य 100 अरब डॉलर तय किया है। साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था से उम्मीद है कि वह आने वाले वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 20 प्रतिशत योगदान देगी।

आज भारत पारंपरिक विकास मॉडल से आगे बढ़कर नवाचार और तकनीक आधारित विकास की ओर अग्रसर है। ऐसे में यह समझौता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत द्वारा यूरोप के साथ पहले किए गए अन्य व्यापारिक करारों को मजबूती देता है। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका और सशक्त होगी। वैसे भी महामारी और भू राजनीतिक तनावों के बाद दुनिया आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता तलाश रही है और भारत एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रहा है। ऐसे में यूरोपीय संघ के साथ एफटीए इस विश्वास को संस्थागत रूप देता है।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ यह एफटीए इसी व्यापक आर्थिक परिवर्तन को आज व्यापक स्तर पर दर्शा रहा है। यह समझौता भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, वैश्विक जिम्मेदारी और साझेदारी आधारित विकास मॉडल को भी दिखाता है। यदि वर्तमान गति और नीतिगत निरंतरता बनी रही, तो साल 2030 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य भारतवासियों के लिए कोई सपना नहीं रहेगा। निःस्संदेह यह समझौता भारत के वैश्विक आर्थिक उत्थान की यात्रा में मील का पत्थर है।

विचार

# काग़ज़ी सम्मान की चमक में खोता वास्तविक योगदान

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं हैं बल्कि ये राष्ट्र के आत्ममंथन के अवसर भी होते हैं। इन दिनों प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले प्रशंसा पत्रों को समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। उद्देश्य यह होता है कि ऐसे लोगों को सामने लाया जाए जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज और व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान दिया है। किंतु बीते कुछ वर्षों में इन प्रशंस पत्रों की प्रक्रिया और चयन पद्धति पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

सबसे बुनियादी सवाल यही है कि क्या किसी प्रशंसा पत्र के लिए आवेदन करना आवश्यक होना चाहिए? यदि हाँ, तो क्यों? सम्मान तो वह होता है जो स्वतः मिले, जिसे समाज और व्यवस्था स्वयं पहचानें। यदि किसी व्यक्ति को अपने कार्य के लिए स्वयं आवेदन करना पड़े या किसी माध्यम से अपना नाम अनुशंसित करवाना पड़े तो ऐसे सम्मान की नैतिकता और प्रामाणिकता पर स्वाभाविक रूप से संदेह उत्पन्न होता है।

विडंबना यह है कि जब किसी क्षेत्र में अनियमितता, भ्रष्टाचार या अव्यवस्था की खबरें समाचार पत्रों, टीवी चैनलों या सोशल मीडिया पर आती हैं तो प्रशासन तत्काल सक्रिय हो जाता है। जांच बिठा दी जाती है, नोटिस जारी होते हैं और कार्रवाई की घोषणाएँ की जाती हैं। यानी नकारात्मक घटनाओं पर प्रशासन की दृष्टि अत्यंत सजग और तीक्ष्ण है। फिर सकारात्मक, रचनात्मक और जनहितकारी कार्यों को पहचानने में वही प्रशासन इतना असहाय क्यों दिखाई देता है? क्या अच्छे कार्यों को देखने और समझने की प्रशासनिक दृष्टि अब केवल फाइलों और औपचारिक रिपोर्टों तक सीमित होकर रह गई है? वास्तविकता यह है कि आज प्रशंसा पत्रों की व्यवस्था योग्यता की बजाय प्रक्रिया आधारित होती जा रही है। आवेदन, अनुशंसा, विभागीय चैनल और व्यक्तिगत संपर्क- ये सभी सम्मान प्राप्त करने के अनौपचारिक मानदंड बन चुके हैं। परिणामस्वरूप वही लोग बार-बार सम्मानित होते दिखाई देते हैं जो व्यवस्था के भीतर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना जानते हैं, न कि वे जिन्होंने वास्तव में समाज के लिए ज़मीन पर काम किया है। यह स्थिति सम्मान को प्रेरणा के साधन से अधिक एक औपचारिक रस्म में बदल देती है।

यह भी देखने में आता है कि कई बार प्रशंसा पत्र सरकारी कर्मचारियों को उनके नियमित दायित्वों के निर्वहन के लिए दे दिए जाते हैं, जबकि उनका कार्य मूलतः उनकी नौकरी का हिस्सा होता है। इसके विपरीत, अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार, कलाकार, शिक्षक और स्वतंत्र रूप से काम करने वाले लोग- जो बिना किसी पद या संसाधन के समाज में बदलाव लाने का प्रयास कर रहे होते हैं- प्रशासन की दृष्टि से बाहर ही रह जाते हैं। क्या यह सम्मान की सही कसौटी है? प्रशंसा पत्रों के मूल्य पर भी विचार आवश्यक है। जिन व्यक्तियों को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर पत्र लिखे जाते हैं, वे केवल औपचारिक सम्मान नहीं होते। ऐसे पत्र व्यक्ति के कृतित्व के ऐतिहासिक दस्तावेज बन जाते हैं। वे शोध-ग्रंथों में उद्धृत होते हैं, सामाजिक स्मृति का हिस्सा बनते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं। इसके विपरीत, आवेदन-आधारित प्रशंसा पत्र अक्सर समारोह समाप्त होते ही अपनी प्रासंगिकता खो देते हैं। सम्मान की सबसे बड़ी कसौटी प्रशासन नहीं बल्कि समाज होता है। पाठक, दर्शक, श्रोता और आम लोग तय करते हैं कि कौन उनके विश्वास पर खरा उतरा और कौन नहीं। साहित्य और कला के क्षेत्र में यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है। किसी रचनाकार का मूल्यांकन उसके प्रमाण पत्रों से नहीं, बल्कि उसकी रचनाओं, विचारों और सामाजिक प्रभाव से होता है। यही कारण है कि कई बार बिना किसी औपचारिक सम्मान के भी कुछ लोग समाज में अमर हो जाते हैं, जबकि अनेक पदक और प्रमाण पत्र पाने वाले लोग समय के साथ भुला दिए जाते हैं। यहाँ पद और प्रतिष्ठा के अंतर को समझना भी आवश्यक है। पद से मिलने वाला सम्मान अस्थायी होता है। जब तक व्यक्ति पद पर होता है, तब तक उसके चारों ओर अभिनंदन और औपचारिक सम्मान की भीड़ रहती है। जैसे ही पद समाप्त होता है या व्यक्ति सेवानिवृत्त होता है, वही भीड़ छँटने लगती है। इसके विपरीत, जो लोग अपने कार्य और कृतित्व के बल पर पहचान बनाते हैं, उनकी प्रतिष्ठा पद से परे होती है और समय के साथ और गहरी होती जाती है। दुर्भाग्य से कुछ अधिकारी पद के मद में यह भूल जाते हैं कि वे राष्ट्र और समाज से बड़े नहीं हैं। पद उन्हें अधिकार देता है, श्रेष्ठता नहीं। यदि किसी अधिकारी ने अपने सेवाकाल में राष्ट्र और समाज के लिए कुछ विशिष्ट नहीं किया, तो ऊँचे पद से सेवानिवृत्ति के बाद भी उसका जीवन सामान्य ही रह जाता है। इतिहास में अधिकारी नहीं बल्कि विचार, कृतियाँ और योगदान दर्ज होते हैं।

यह भी सच है कि साहित्य और कला की समझ न रखने वाले कुछ अधिकारी सम्मान की प्रक्रिया में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। ऐसे में चयन का आधार गुणवत्ता नहीं बल्कि सुविधा और औपचारिकता बन जाता है। इससे न केवल वास्तविक योगदान करने वालों के साथ अन्याय होता है, बल्कि सम्मान की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है। प्रश्न यह भी उठता है कि जब किसी व्यक्ति के कार्यों को मीडिया ने व्यापक रूप से कवर किया हो, समाज ने स्वीकार किया हो और उसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता हो, तो फिर उसे प्रशासनिक प्रशंसा-पत्र के लिए आवेदन करने की आवश्यकता ही क्यों होनी चाहिए? क्या यह सम्मान की मूल भावना के विपरीत नहीं है? वास्तव में, सम्मान माँगने की वस्तु नहीं है। वह समाज और व्यवस्था द्वारा स्वतः दिया गया प्रमाण होना चाहिए। यदि किसी को स्वयं आगे बढ़कर यह कहना पड़े कि उसने अच्छा काम किया है और इसलिए उसे सम्मानित किया जाए तो यह सम्मान की आत्मा को कमजोर करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रशासन सम्मान की संस्कृति पर गंभीर पुनर्विचार करे। चयन-प्रक्रिया पारदर्शी हो, स्वतः संज्ञान की परंपरा विकसित हो और वास्तविक योगदान को प्राथमिकता दी जाए। सम्मान उन लोगों को मिले जो बिना किसी अपेक्षा के समाज के लिए कार्य कर रहे हैं, न कि उन्हें जो केवल प्रक्रिया को साधना जानते हैं। राष्ट्रीय पर्वों पर दिए जाने वाले सम्मान तभी सार्थक होंगे जब वे गणतंत्र की मूल भावना- समानता, न्याय और कर्तव्य-को प्रतिबिंबित करें। अन्यथा ये केवल औपचारिक आयोजन बनकर रह जाएंगे, जिनका समाज पर कोई स्थायी प्रभाव नहीं होगा।

अंततः यह प्रश्न प्रशासन से अधिक समाज से जुड़ा है। हमें यह तय करना होगा कि हम किसे सम्मानित मानते हैं- उसे जिसके पास पद और प्रमाण-पत्र हैं या उसे जिसने अपने कार्य से समाज की चेतना को समृद्ध किया है। जब तक यह निर्णय स्पष्ट नहीं होगा, तब तक प्रशंसा पत्रों की राजनीति पर सवाल उठते रहेंगे।

गणतंत्र की मजबूती केवल संस्थानों से नहीं बल्कि उन व्यक्तियों से आती है जो बिना किसी पुरस्कार की अपेक्षा के अपना कर्तव्य निभाते हैं। ऐसे लोगों को पहचानना और सम्मान देना ही किसी स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। यदि प्रशासन इस दिशा में ईमानदार प्रयास करे, तभी प्रशंसा पत्र वास्तव में प्रशंसा के पात्र बन पाएँगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## आजादी

**श्याम सिंह बिष्ट**

मौन वाणी कब कहां
इंकलाब लाती है
कलम उठे जब सत्य की
तभी आजादी कहलाती है।

सलाखों के पीछे बंद होकर
कब किसने कहा जंग जीती है
मिले हैं जब कंधों से कंधे
तभी आजादी की सुगंध आती है।

निहत्थे हाथों ने
हमेशा गुलामी ही दी है
ऊठे जो हाथ युद्ध के लिए
वो ही वीर बलिदानी कहलाए हैं।

क्या रखा है इन मैंखानो मैं यारों
नशा नाच गाना
सब खेल इस जवानी का
कभी मिले जो फुर्सत तो देख लेना
आजादी की इस जमी को
जो इतनी मुश्किलों से हमने पाई है।



## राशिफल

**मेषः-** आज आप आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे, समय आनंद में व्यतीत होगा।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# शिक्षा बच्चों को जिंदगी के लिए तैयार करने वाली होनी चाहिए, उनका बचपन छीनने वाली नहीं

*देवी एम. चेरियन*

यह बहुत दुखद दृश्य होता है जब आप छोटे बच्चों पर इतना ज्यादा दबाव देखते हैं। नर्सरी फॉर्म से लेकर कॉलेज कट-ऑफ तक- चिंता का लंबा सफर। यह अब पहले से कहीं ज्यादा जल्दी शुरू हो जाता है। यह एक डरावनी कहानी है जब आप युवा माता-पिता को टैंशन में देखते हैं, बोर्ड एग्जाम या करियर चुनने के लिए नहीं, बल्कि नर्सरी एडमिशन फॉर्म के लिए। एक बच्चा जो अभी-अभी डायपर से बाहर निकला है, उससे अचानक उम्मीद की जाती है कि वह सीधा बैठे, सवालों के जवाब दे और क्लासरूम इंटरव्यू में अजनबियों को इम्प्रैस करे।

माता-पिता के लिए, खासकर मांओं के लिए, यह शिक्षा प्रणाली का पहला अनुभव होता है जो न सिर्फ बच्चे का, बल्कि पूरे परिवार के धैर्य का इम्तिहान लेती है। स्कूल एडमिशन का स्ट्रैस चुपचाप मॉडर्न पेरैंटिंग के सबसे थका देने वाले सफरों में से एक बन गया है। यह फाऊंडेशन क्लास और नर्सरी स्कूल से शुरू होता है और बिना रुके कॉलेज एडमिशन तक चलता रहता है। जो कभी एक दौर था, वह अब फॉर्म, इंटरव्यू, कोचिंग क्लास, तुलना और लगातार खुद पर शक करने की 10 साल लंबी मैराथन बन गया है। यह हर किसी को चिंतित और गुस्सा दिलाता है लेकिन फिर भी वे लाचार होते हैं।

बच्चे के लिए, नर्सरी एडमिशन इंटरव्यू अक्सर डरावने की बजाय कन्फ्यूज करने वाले होते हैं। बच्चा नहीं समझ पाता कि अनजान बड़ों से भरा कमरा अचानक उससे उसका नाम, पसंदीदा रंग, या ऐसी चीजों की पहचान करने के लिए क्यों कह रहा है, जिन्हें उसने सिर्फ पिक्चर बुक में देखा है। कुछ बच्चे जम जाते हैं, कुछ रोते हैं, कुछ बोलने से मना कर देते हैं। 'शर्मीला', 'आत्मविश्वास की कमी' या 'तैयार नहीं' का लेबल चुपचाप लगा दिया जाता है, इससे बहुत पहले कि बच्चे को बड़ा होने का मौका मिले। मां के लिए, यह दौर भावनात्मक रूप से बहुत मुश्किल होता है। यह एक तरह की यातना है। उसे सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से बताया जाता है कि उसकी पेरैंटिंग की परीक्षा हो रही है। क्या उसने काफी कहानियां पढ़ीं? क्या उसने घर पर काफी इंगलिश बोली? क्या उसने 'सही' प्ले स्कूल चुना? मांएं इस अनदेखे दबाव को महसूस करती हैं कि 10 मिनट के इंट्रैक्शन में उनका बच्चा कैसा परफॉर्म करता है, इसके लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

पिता भी चिंता करते हैं लेकिन अक्सर मां ही फॉर्म भरती है, इंटरव्यू में जाती है, स्कूलों से फॉलो-अप करती है और चुपचाप जजमैंट को सहती है। छोटे बच्चों के लिए कोचिंग क्लास एक असहज सच्चाई बन गई है। छोटे बच्चे 'इंटरव्यू की तैयारी' सैशन में जाते हैं जहां उन्हें सवालों के जवाब देने और सीधे बैठने की ट्रेनिंग दी जाती है। माता-पिता जानते हैं कि यह गलत लगता है, फिर भी उन्हें होता है कि वे अकेले ऐसे न हों, जो इसमें हिस्सा न लें। यहीं से पहला दबाव शुरू होता है-मुकाबला करने का दबाव, जल्दी तैयारी करने का दबाव, पीछे न रह जाने का दबाव। जैसे-जैसे बच्चे प्राइमरी स्कूल में जाते हैं, तनाव खत्म नहीं होता, बस अपना रूप बदल लेता है। असैसमैंट, रैंकिंग और तुलना धीरे-धीरे सामने आने लगती हैं। माता-पिता सैक्शन, टीचर और पीयर ग्रुप के बारे में चिंता करने लगते हैं। रिपोर्ट कार्ड में एक खराब टिप्पणी अचानक जरूरत से ज्यादा भारी लगने लगती है। जब तक मिडल स्कूल आता है, मुकाबला अब छिपा हुआ नहीं रहता। ओलिम्पियाड, एक्स्ट्रा क्लास, ट्यूशन और परफॉर्मैंस चार्ट रूटीन बन जाते हैं। माता-पिता अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन पर दबाव डालने के बीच तालमेल बिठाते हैं। इस बीच, बच्चे तारीफ को नंबरों से जोडने लगते हैं। आत्मविश्वास शघ्तया हो जाता है। असली प्रैशर कुकर वाला दौर बोर्ड एग्जाम और कॉलेज एडमिशन के साथ आता है। सालों का जमा हुआ तनाव चरम पर पहुंच जाता है।

वही बच्चा जो कभी नर्सरी के इंटरव्यू में लडखड़ाता था, अब उससे उम्मीद की जाती है कि वह उन कम्पीटिटिव एग्जाम को पास करे जिनमें लाखों छात्र बैठते हैं। दाव बहुत ज्यादा ऊंचे लगते हैं। माता-पिता कट-ऑफ, फॉर्म, काऊंसलिंग की तारीखों और पैसों के बारे में चिंता करते हैं, बच्चे फेल होने, तुलना और अपने परिवार को निराश करने के बारे में। जिस बात को शायद ही कभी माना जाता है, वह यह है कि एक चिंतित माता-पिता अनजाने में बच्चे में डर पैदा कर देते हैं। एक चिंतित बच्चा माता-पिता को और ज्यादा घबराहट देता है।

दोनों एक ही चीज चाहते हैं-एक सुरक्षित, खुशहाल भविष्य-लेकिन सिस्टम उन्हें सर्वाइवल मोड में डाल देता है। और फिर भी, इस सब दबाव के बीच, माता-पिता से यह भी उम्मीद की जाती है कि वे अपने बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करें। उनसे कहा जाता है, 'तुम यह कर लोगे,' भले ही वे खुद अनिश्चित हों। यह शायद सबसे मुश्किल भूमिका है, अनिश्चितता के बीच शांत, आशावादी और भरोसा दिलाने वाला बने रहना।

बच्चों को ऐसे सिस्टम में लचीलापन सिखाना, जो सिर्फ नतीजों को ईनाम देता है। शिक्षा का सफर आदर्श रूप से सीखने और विकास के बारे में होना चाहिए। इसकी बजाय, यह अक्सर सहनशक्ति की परीक्षा बन जाता है। रिश्तेदारों, स्कूलों, समाज और सोशल मीडिया से मिलने वाले दबाव परिवारों को लगातार याद दिलाते रहते हैं कि 'सबसे अच्छा' क्या है। बहुत कम लोग यह पूछने के लिए रुकते हैं कि बच्चे के लिए सही क्या है। इस प्रोसैस में सहानुभूति की बहुत जरूरत है। स्कूलों को इस बारे में फिर से सोचना चाहिए कि वे बच्चों का मूल्यांकन कितनी जल्दी शुरू करते हैं। पॉलिसी बनाने वालों को एडमिशन सिस्टम को आसान बनाना चाहिए और अच्छे संस्थानों को बढ़ाना चाहिए ताकि कम्पीटिशन क्रूर न हो जाए। माता-पिता को खुद को याद दिलाना चाहिए कि आत्मविश्वास दबाव से नहीं, बल्कि भरोसे, धैर्य और स्वीकार करने से बनता है। लेकिन अगर माता-पिता इस पूरे सफर में एक पक्का मैसेज दे सकें कि उनके बच्चे की कीमत रैंक और नतीजों से कहीं ज्यादा है, तो यह थोड़ा कम डरावना हो सकता है। एडमिशन आते-जाते रहेंगे। बच्चे जो याद रखेंगे, वह यह है कि उन्हें सपोर्ट मिला या उनका मूल्यांकन किया गया, उन्हें समझा गया या जज किया गया, उन्हें प्यार किया गया या परखा गया। आखिर में, शिक्षा को बच्चों को जिंदगी के लिए तैयार करना चाहिए, न कि उनसे उनका बचपन छीनना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# एम्बुलेंस सेवा में बेहतर कार्य करने वाले ईएमटी व पायलट को मिला नेशनल अवार्ड

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** 77वें गणतंत्रता दिवस पर हलिया मिर्ज़ापुर 108 एम्बुलेंस सेवा में कार्यरत ईएमटी संतोष कुमार भारतीया एवं पायलट दिव्यांश कुमार पांडेय को एम्बुलेंस सेवा वाहन को संचालित करने वाली कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के प्रेसिडेंट टीवीएसके रेड्डी के हाथों नेशनल सेवियर अवार्ड 2025 का अवार्ड दिया गया है। अवार्ड में गोल्ड मेडल और पांच हजार एक सौ आठ रूपये व प्रसस्ति पत्र दिया गया है।जिससे मिर्जापुर एंबुलेंस कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। एंबुलेंस ग्रुप कोआपरेशन हेड मिथिलेश त्रिपाठी रीजनल मैनेजर शरतेन्दु शुक्ल, प्रोग्राम मैनेजर चंद्र प्रकाश पांडेय, ईएमई कपिल देव वर्मा, राजेश कुमार कन्हैयालाल ट्रेनर राहुल शर्मा,क्वालिटी ऑडिटर रंजीत सिंह, हेल्प डेस्क की टीम उर्मिला, प्रतीक्षा और आशुतोष मौर्या एवं मिर्ज़ापुर के ईएमटी एवं पायलट ने संतोष भारतीया और पायलट देवांश कुमार पाण्डेय को शुभकामनाएं दी है। हलिया अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार, डॉ विवेक खरे, डॉ विमल कुमार, डॉक्टर रीना, एवं डॉक्टर निर्मल नें दोनों को शुभकामनायें दी है। सहलिया क्षेत्र वासियों में भी खुशी का माहौल है। अवार्ड पाकर संतोष भारतीया एवं देवांश कुमार पाण्डेय के चेहरे खिल उठे और ईएमटी संतोष भारतीया ने कहा कि क्षेत्र वासियों को हम और भी बेहतर एंबुलेंस सेवा देने का प्रयास करेंगे और संतोष भारतीया एवं देवांश कुमार ने बधाइयां देने वालों का आभार व्यक्त किया है। पिछले साल भी नेशनल अवार्ड संतोष भारतीय एवं अरुण यादव को दिया गया था।



## शहीद स्मारक स्थल पर ध्वजारोहण कर बलिदानों को किया नमन

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** 77 वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के पटेहरा गांव स्थित शहीद स्मारक स्थल पर वीर शहीद केशरी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्षेत्रीय ने लोगों श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहीद की केशरी सिंह पत्नी छोटी कुंवर सिंह ने थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन के साथ स्मारक स्थल पर ध्वजारोहण किया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ने बलिदानी केशरी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुलिसकर्मियों संग तिरंगे को सलामी दी। बलिदानी केशरी सिंह की पुत्रवधू योग्यता सिंह, अरूण सिंह,अमन सिंह, त्रिवेणी मौर्य,राम मूर्ति पांडेय,जेपी तिवारी,राकेश तिवारी के अलावा क्षेत्रीय लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों पर शान से फहरा तिरंगा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास और समारोह पूर्वक मनाया गया।सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में ध्वजारोहण के पश्चात प्रभातफेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हलिया मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने ध्वजारोहण करके शहीदों के चित्रों पर श्रध्दा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी रूपेश कुमार श्रीवास्तव ए डी ओ ए जी नरेन्द्र कानापुरिया मौजूद रहे। कैमूर वन्य जीव रेंज हलिया पर वन दरोगा सूरज पाण्डेय,हलिया थाने पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्साधिकारी डा0 अवधेश कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय हलिया पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार यादव, पशु चिकित्सालय पर डॉक्टर कमलेश कुमार, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार पर डॉक्टर कामेश्वर तिवारी, आयुर्वेदिक चिकित्सालय मतवार पर डॉक्टर प्रियंका यादव, मनि अगस्त महिला महाविद्यालय में प्रबंधक बुद्धिमान त्रिपाठी, अर्श हास्पीटल बरौंधा में महा प्रबंधक डा0 महा नारायण भारती और समाजसेवी नवीन चंद त्रिपाठी ने ध्वजारोहण करके शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। बीआरसी कार्यालय बरौंधा पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद यादव पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय हथेड़ा में प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद मिश्रा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौंधा में प्रधानाध्यापक करूणा शंकर प्राथमिक विद्यालय बरौंधा में विनोद कुमार जायसवाल पंचायत भवन अतरैलाराजा में प्रधान डा0 महा नारायण भारती सेवा सदन हास्पीटल बरौंधा डा0 मोहम्मद गुल चमन सम्राट हास्पीटल महुअट में डा0 अवधेश कुमार मौर्य व तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मौर्य ने ध्वजारोहण करके शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### थानाध्यक्ष के पिता की बीमारी के दौरान हुआ निधन, शोक की लहर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव के पिता कैलाश श्रीवास्तव 70 वर्ष की मंगलवार की सुबह निधन हो गया निधन की सूचना पर पुरे थाना के पुलिस कर्मियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी मूल रूप से गाजीपुर जिले के प्रजीपाह गांव निवासी कैलाश श्रीवास्तव को एक पुत्र राजीव कुमार श्रीवास्तव व चार पुत्रिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने पिता की मुखअग्नि वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर दिया गया। कैलाश श्रीवास्तव काफ़ी दिनों से कैंसर से पीड़ित चल रहे थे वाराणसी के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था जहां उपचार के दौरान आखिरी सांस लिया। निधन की सूचना पर क्षेत्र के गणमान्य लोग वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान सुबुद्धि लाल श्रीवास्तव, नीटू शर्मा, ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह, मुन्नू श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, ध्रुव श्रीवास्तव, इमरान, राजेश कुमार, अभिषेक चौबे, अलीम खान, मुन्ना सिंह, रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**अदलहाट (मिर्जापुर)।** वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर मंगलवार की शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना क्षेत्र के बाराडीह गांव के समीप एक कार ने साइकिल सवार अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बाराडीह गांव निवासी भाई लाल (50 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय पुनवासी, मंगलवार शाम अपनी साइकिल से किसी काम के लिए बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह वाराणसी शमतीनगर मार्ग पर बाराडीह गांव के सामने पहुंचे, वाराणसी की ओर से अदलहाट की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भाई लाल सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची अदलहाट पुलिस ने घायल को नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।फिलहाल, पुलिस कानूनी कार्यवाही मे जुट गई है।

### डीएम ने जिला पंचायत के विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा तहसील महोली में जिला पंचायत के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने तहसील महोली के कुंवरपुर गद्दी विद्यालय से बारिया गांव तक लगे खड़ंजे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खड़ंजे की गुणवत्ता एवं बिछाव मानक के अनुरूप न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। इस संबंध में जूनियर इंजीनियर संदीप सिंह से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा खड़ंजे की ईंटें उखड़वाकर नीचे की मिट्टी की स्थिति की जांच की गई तथा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि खड़ंजा कार्य की गुणवत्ता को तत्काल मानक के अनुरूप सुधारा जाए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने महोली क्षेत्र के बड़ा गांव में मितौली तिराहा से मंदिर के सामने स्थित तालाब तक निर्माणाधीन नाले के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाले में प्रयुक्त आर0सी0सी0 मसाले की गुणवत्ता संतोषजनक न दिखनें पर जिलाधिकारी ने मसाले के नमूने को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराए जाए। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यों की गुणवत्ता को परखने के उपरान्त ही फाईल पास करें।

निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य अधिकारी अभिषेक सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विंध्य गुरुकुल कॉलेज व विंध्य गुरुकुल कॉलेज आफ फार्मेसी में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**चुनार (मिर्जापुर)।** विंध्य गुरुकुल कॉलेज एवं विंध्य गुरुकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में देश के 77 वे गणतंत्र दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतीक्षा सिंह द्वारा ने ध्वज पहराया गया। महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर जवानों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की एवं भारत के संविधान पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. आशीष मिश्र ने भारत को तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए छात्र/छात्रो का आवाहन किया। फार्मेसी की उपप्राचार्या डॉ सुशीला गुप्ता ने गणतंत्र दिवस पर संविधान पर प्रकाश डाला।



इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन आर्यन एवं अलिस्बा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शेर सिंह किया।

## फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रक्रिया पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### डीपीआरओ सख्त, सचिव का वेतन रोकने के निर्देश

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय परिसर मे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और डेटा फीडिंग में लापरवाही पर डीपीआरओ संतोष श्रीवास्तव ने कड़ा रुख अपनाया है। राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर श्फार्मर रजिस्ट्रीश् की समीक्षा बैठक के दौरान कार्यों में शिथिलता मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।

लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम प्रगति और कार्यों में रुचि न लेने पर डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत सचिव अवधेश कुमार का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश एडीओ पंचायत को दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि शासन की प्राथमिकताओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सचिवों को शत-प्रतिशत रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस सख्त कार्रवाई से ब्लॉक के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। सरकार की मंशा के अनुरूप फॉर्म रजिस्ट्री का कार्य धीमा ब्लॉक में चल रहा है। जिसके तहत डीपीआरओ संतोष श्रीवास्तव ने कार्रवाई की।



## गरौड़ी में धूमधाम से मना 77वां गणतंत्र दिवस

▸ **सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन**

**अदलहाट (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय पर्व 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के गरौड़ी स्थित शिक्षण संस्थानों में देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। गरौड़ी प्राथमिक विद्यालय और मदरसा इस्लामिया इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ तिरंगा फहराया गया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश के वीर शहीदों को नमन किया गया।प्राथमिक विद्यालय गरौड़ी में कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगा फहराकर वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों का स्वागत पुष्प माला पहनाकर किया गया। ओजस्वी संबोधनरू विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप सिंह ने अपने संबोधन में देश प्रेम की भावना जागृत करते हुए बच्चों को भारत के गौरवशाली इतिहास और श्विश्व गुरु के रूप में देश की उभरती छवि से अवगत कराया। प्रधानाध्यापक ने आधुनिकता की अंधी दौड़ के बीच सुसंस्कृत और मूल्यपरक शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का एकमात्र उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास और उन्हें एक आदर्श नागरिक बनाना है। गरौड़ी ग्राम सभा स्थित मदरसा इस्लामिया इंटर कॉलेज में भी गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।मदरसा इस्लामिया प्रबंधक मु0सह बान प्रधानाध्यापक मु0 शाकिर अध्यापक अब्दुल मतीन, अबू मोहम्मद आसीम, इरफान कार्यक्रम के आयोजक रहे यहाँ छात्रों ने देशभक्ति गीत गाकर और सांस्कृतिक प्रोग्राम पेश कर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। परिसर जय हिंद के नारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज सेवी डॉ. अशोक सिंह, पूर्व प्रधान अकिलुद्दीन अहमद और नीरज सिंह (एडवोकेट) उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के भाषण और उनके ज्ञान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप सिंह द्वारा सभी आगंतुकों का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




## पाक्सो एक्ट के वांछित आरोपित गिरफ्तार, पुलिस ले गयी जेल



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को सोमवार को सुबह पुलिस गिरफ्तार कर जेल ले गई। थाना क्षेत्र के मनिगढा गांव निवासी अचेत को मुखबिर की सूचना पर अदवा बांध के पास अहुगी कला तिराहे से सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त के विरुद्ध 6 नवंबर 2025 को लड़की के पिता ने नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी कि मुखबिर की सूचना पर पहुंचे पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेंद्र राम, हेड कांस्टेबल अजीत कुमार ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लडकी के पिता की तहरीर पर पास्को व दुष्कर्म में दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## डीएम की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे व फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक सम्पन्न

▸ **फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में शिथिलता बरतने पर कृषि विभाग के दो संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के निर्देश**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें पंजीकरण की प्रगति, डेटा की शुद्धता व सर्वे कार्यो की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य समयबद्ध व त्रुटिरहित सुनिश्चित कराया जाए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में शिथिलता बरतने पर कृषि विभाग के दो संविदा कार्मिक क्रमशः आजाद पाण्डेय बी0टी0एम0 छतोह, व प्रवीण पाण्डेय ए0टी0एम0 ऊँचाहार की सेवाएं तत्काल समाप्त किये जाने के निर्देश दिये, इसके साथ ही उप निदेशक कृषि को प्रतिदिन कृषि व पंचायत के न्यूनतम प्रगति वाले 10 कर्मचारियों और उनसे सम्बन्धित ए0डी0ओ0 कृषि व ए0डी0ओ0 पंचायत की प्रतिदिन सायं 07:00 बजे बचत भवन कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये।



## उद्यान मंत्री ने पुलिसकर्मियों को मेडल व प्रशिस्त पत्र देकर किया सम्मानित

▸ **उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस लाइन में 77वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग उ0प्र0 सरकार दिनेश प्रताप सिंह ने तिरंगा फहरा कर ध्वजारोहण किया एवं गणतंत्र दिवस परेड मार्च पास्ट की सलामी ली तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा परेड को शपथ ग्रहण कराया गया। मा0 मंत्री व पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया। इसके साथ ही संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों व सामाजिक सेवा में अपना योगदान देने वाले सम्मानित जनों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिथिगणों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मा0 मंत्री ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व, गौरव व सम्मान का पर्व है जो हमें न्याय, समता, स्वतंत्रता तथा बन्धुत्व तथा देश व समाज को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, मजबूती प्रदान करने के साथ ही विकास, उन्नति, प्रगति, समृद्धि की राह पर चलते हुए संकल्पों को भी याद दिलाता है। हमें विश्व के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश होने का गर्व है। देश का गणतन्त्र बड़ी मुश्किल कठिनाईयों ज्ञात और अज्ञात देश भक्तों के बलिदान, कुर्वानी तथा गाथाओं के पश्चात मिला है। जिससे सभी परिचित है। देश की आजादी की अक्षुण्णता को हम सभी को बनाये रखना है। देश ने हमें महत्वपूर्ण धरोहर दी है वह फले फूले बेहतर दिशा में हो गणतंत्र को हमें अपने कार्यो से बहुत खूबसूरत बनाना है और इस खूबसूरती को लेकर आगे चलना भी है। राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक समाज की चिन्तन व सोच भी निरन्तर परिवर्तित हो रही है। भारत एक युवा राष्ट्र है और हमारे विकास के केंद्र में युवा वर्ग है जिनकी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर हम निरंतर विकास की ओर अग्रसर हैं। आजादी का असली अर्थ जोश, और कुछ कर गुजरने की इच्छा रखते हुए कार्य करना है। जनपद, प्रदेश व देश के अनेक ज्ञात, अज्ञात स्वतन्त्रता सेनानियों व महापुरुषों को याद करते हुए कहा कि महान पुरुषों की कुंर्बानियां, त्याग, बलिदान, प्रेरणा तथा रचनात्मक, सकारात्मक कार्यो से देश व समाज प्रगति की ओर बढ़ रहा है जिसे निरन्तर बनाये रखना है। स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए देश भक्ति के गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया और सराहा गया।



## न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

▸ **पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा**

**लालगंज समृद्धि न्यूज़।**

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में पधारे हुये मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर श्री धर्मेंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। इस अवसर पर प्राइमरी विंग की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया जिसने पूरे प्रांगण को देशभक्ति के रस से सराबोर कर दिया। जूनियर विंग के बच्चों द्वारा पिरामिड बना कर अपने - अपने करतब को दिखाया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में बच्चों द्वारा भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान के महत्व और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को दर्शाया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये बताया कि जीवन में सफल होने के लिये अनुशासन बहुत महत्वपूर्ण है अनुशासित नागरिको से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण होता हैं। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों पर चलने और देश का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया साथ ही मुख्य अतिथि का धन्यवाद स्मृति चिन्ह देकर ज्ञापित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी गुप्ता व कक्षा -9 की छात्रा अर्वंतिका साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉर्डिनेटर कविता शर्मा, शारदा शुक्ला, दरक्षा नाज़, श्रद्धा तिवारी, देवेश सिंह, अंकित कुमार एवं अशोक कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं इस आयोजन में उपस्थित रहे।




## लाइसेंसी बंदूक से बुजुर्ग ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**डलमऊ समृद्धि न्यूज़।** लंबे समय से बीमार चल रहे एक बुजुर्ग ने बीमारी से तंग आकर अपनी ही लाइसेंस बंदूक से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया घटना की सूचना डलमऊ पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी करुणा शंकर पांडे उम्र लगभग 70 वर्ष पुत्र बृजभूषण पांडे पिछले काफी समय से श्वास रोग से पीड़ित चल रहे थे जिनका इलाज किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ से चल रहा था बीमारी के चलते वह काफी परेशान रहते थे।

# चौराहा सुंदरीकरण की आखिरी नोटिस की अवधि पूरी

▸ दुकान-मकान स्वयं व्यापारी तुड़वाने में जुटे

**बबेरू/बांदा समृद्धि न्यूज़।**



बबेरू कस्बे के मुख्य चौराहा सुंदरीकरण की आखिरी नोटिस की अवधि पूरी, दुकान मकान स्वयं व्यापारी तुड़वाने में जुट गया है। आखिरी नोटिस की अवधि पूरी होने पर चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण खुद हटाने के लिए एनाउंसमेट किया गया है।

बबेरू कस्बा के पांच प्रमुख मार्गों का चौराहा सुंदरीकरण के दायरे में आ रहे, मकान दुकान वालो ने खुद चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटाना चालू कर दिया है। सिर्फ अफवाहों की वजह से असमंजस में फंसे कुछ दुकानदार अभी हटाना नहीं चालू किया है। बल्कि जिनका मकान दुकान सब जा रहा है। वह भी खाली करने में लगे है। कुछ लोगों को उम्मीदें लगी है कि कोई फरिश्ता आएगा, सड़क का मानक कम करा देगा। आज के एनाउंस से वह भी उम्मीदें खत्म हो गई। पीडब्ल्यूडी विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पैमाईश कर लाल पेंट से निशान लगाने के बाद पहली नोटिस 8 जनवरी को बांटी थी, जिसमें 7 दिन की मोहलत दी गईं थी, दूसरी नोटिस 18 जनवरी को बांटी थी, चौराहा पांचों मार्ग के सेंटर में जहां चौराहा है वही बनाने को लेकर 6 दिनों तक आंदोलन चला, कोई अधिकारी सुनने तक नहीं आया तब सांसद को बुलवाकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया, 18 जनवरी को बांटी गई नोटिस को चौराहा सर्किल के दायरे में आ रहे कई दुकानदार, मकान वालों ने नोटिस लेने से इन्कार कर दिया था, पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने उनके घर, दुकान में नोटिस चस्पा किया था, जिसमे 3 दिन की मोहलत लिखी हुई थी। चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटाने की बात लिखी थी। वहीं प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटाने पर भू राजस्व की तरह वसूली करने की चेतावनी भी लिखी थी। तीसरी नोटिस 23 जनवरी को चौराहा समेत रोड सेफ्टी के दायरे आ रहे पांचों मार्गो पर एक ही दिन में बांटी गई है। जिसमे 3 दिन की मोहलत लिखी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुसार यह आखिरी नोटिस है, स्वयं चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटा ले, अंतिम नोटिस की अवधि आज पूरी होने पर नगर पंचायत की गाड़ी द्वारा एनाउंस के माध्यम से चेतावनी दी गई कि चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण खुद हटा ले। प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थाई अस्थाई अतिक्रमण हटाने पर वसूली की जाएगी। सबसे बड़ी खास बात यह कि अदभुत शिव मंदिर में तीन बार की 9 नोटिस चस्पा है, अदभुत शिव मंदिर आस्था श्रद्धा का केंद्र है, इसी मंदिर में शारदीय नवरात्रि का पर्व, गणेश चतुर्थी का महोत्सव, महाशिवरात्रि का उत्सव, रामनवमी महोत्सव का पर्व मनाया जाता है।

एनाउंस के अनुसार क्या शिव भगवान, हनुमान जी महाराज व नंदी बाबा अपना चार मंजिला मंदिर खुद हटाएंगे। नहीं हटा मंदिर तो प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

# एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**मौदहा ,हमीरपुर समृद्धि न्यूज़।**





गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जनपद हमीरपुर की पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा द्वारा कोतवाली मौदहा में तैनात उप निरीक्षक अभिषेक त्रिवेदी को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया पुलिस अधीक्षक डा० दीक्षा शर्मा ने कहा कि पुलिस बल के कर्मठ, ईमानदार एवं कर्तव्यपरायण अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया जाना अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। उन्होंने उप निरीक्षक अभिषेक त्रिवेदी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहने की अपेक्षा व्यक्त की साइबर अपराधों की रोकथाम एवं तकनीकी सहयोग में सराहनीय भूमिका निभाने के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर आकाश मलिक को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं अपराधियों की धरपकड़ एवं विभिन्न मामलों के सफल खुलासे में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए विजय प्रताप यादव को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया सम्मान समारोह के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में किया झंडारोहण



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

77 वॉ गणतंत्र दिवस पूरे जनपद में हर्षोल्लास व गरिमापूर्ण रूप से मनाया गया। कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस लाइन, जनपद न्यायालय सहित जनपद के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा झंडा अभिवादन के उपरान्त राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया गया। इसके साथ ही गॉधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की प्रतिमा, अम्बेडकर पार्क तथा शहीद पार्क में स्थापित महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीरता पदक प्राप्त एवं सेना के वीर शहीदों के आश्रितों/परिवारीजनों को श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा देशप्रेम की भावना जागृत करने वाले देशभक्ति पूर्ण गीतों का गायन आदि कार्यक्रम किए गए कलेक्ट्रेट भवन पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरान्त डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित किया गया विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए एतिहासिक दिन है, आज के दिन ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का संविधान लागू हुआ था। विविधताओं से भरे इस देश में राष्ट्रहित व देशप्रेम की भावना सभी की आत्मा में बसती है। हमारा देश दुनियां का सबसे बड़ा और सफल लोकतंत्र है। कई विविधताओं के बावजूद हम सब मिलकर एक हैं। आज हम अपने संवैधानिक मूल्यों को अपना कर विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। हम सभी को सरकारी कर्मचारी होने के नाते अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए जिलाधिकारी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व जनपद की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि गत वर्ष में जनपद को सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस में कई बार उच्च स्थान प्राप्त हुआ है।

# कांग्रेसियों ने आयुष के परिजनों से मुलाकात कर दी संत्वना

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जनपद चित्रकूट के बरगढ़ क्षेत्र में आयुष केसरवानी की हत्या किस तरह से की गई बहुत ही दुखद है प्रदेश कमेटी द्वारा सात सदस्यीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को मौके में जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर यथा स्थिति से अवगत कराये और स्थानीय प्रशासन से मिलकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रयास करें और पूरी जानकारी प्रदेश नेतृत्व को भेजें इस मौके पर चित्रकूट कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट राजेश दीक्षित बांदा जिला अध्यक्ष अफसाना शहर अध्यक्ष कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी मानिकपुर रंजना बराती लाल पांडेय बरगढ़ पहुंचकर मृतक के बाबा श्री रमेश केसरवानी दादी और माताजी से एवं परिजनों से मिलकर कांग्रेस पार्टी की तरफ से संवेदना प्रकट की और इस संकट की घड़ी में कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ खड़ी है प्रशासन से मांग की है पीड़ित पक्ष को न्याय दिया जाए परिजनों की मांग को पूरा किया जाए पुरी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज दी गई है।

# गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम मार्चपास्ट एवं ड्रिल का हुआ आयोजन

**उरई, समृद्धि न्यूज।**



77 वें गणतंत्र दिवस पर वी. एस. बी. एजुकेशन सेंटर जालौन रोड पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, मार्च पास्ट , ड्रिल ,झंडा गीत ,सरस्वती वंदना, समूह नृत्य बम बम भोले, बरसाने की छोरी ,राजस्थानी लोक नृत्य घूमर, बुंदेलखंडी गीत ,समूह गीत मिट्टी के बेटे ,समूह गीत जो शहीद हुए हैं सरहद पर, अपनी धरा अपना अंबर, हिंद देश के निवासी, इस धरा के लिए ,भारत मां की संताने ,भारत का इतिहास ,योगा शो , नुक्कड़ नाटक हमारा संविधान एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए पिरामिड का भव्य आयोजन किया गया। ध्वजारोहण विद्यालय के उप प्रबंधक वी. के. सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती विनीता सिंह, प्रधानाचार्या श्रीमती निशि सिंह, उप प्रबंधक वी. के. सिंह ने प्रथम पूज्य श्री गणेश जी, माँ सरस्वती जी , महात्मा गाँधी, डॉ बी. आर. अंबेडकर, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन नबील आलम, हर्षवर्धन ,गोपाल जी एवं ओम श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं आशा सिंह, रमा पांडेय, प्रतिभा सिंह, तरन्नुम शेख ,रीता सिंह,अलका श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, प्रेमलता सिंह, नीलू सक्सेना, पारुल त्रिपाठी, स्वाति दुबे, ईरम शिरीन, राधा कौशल ,रश्मि पांडे, विनीता श्रीवास्तव, फैजी खान,दीक्षा कटारे, दीपशिखा गुप्ता ,संध्या शर्मा, नेहा श्रीवास्तव, रितु चौरसिया एवं शिक्षक विनीत पालीवाल ,शत्रुघ्न सिंह ,जितेंद्र कुमार साहू, अभिषेक दुबे, दीपक सिंह, आदित्य सोनी, पुनीत पांचाल, सुशील कुमार, कौशलेंद्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

**बांदा।** प्राथमिक विद्यालय गुमाई 2 विकासखण्ड महुआ का जिलाधिकारी, बाँदा द्वारा निरीक्षण किया गया। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन, अध्यापकों की उपस्थिति, एम0डी0एम0 आदि की जानकारी ली गयी। विद्यालय में टाईलीकरण न पाए जाने आदि के लिए ग्राम सचिव को कारण बताओ नोटिस निर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए। विद्यालय भवन का निरीक्षण करके आवश्यक कार्य कराए जाने हेतु सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), महुआ एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी बाँदा को निर्देशित किया गया। विद्यालय में कम्पोजिट ग्राण्ट से कार्य कराए जाने हेतु आवश्यक निर्देश इ0प्रधानाध्यापिका को दिए गए। इसके उपरान्त उच्च प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट), बण्ठा विकास खण्ड महुआ का निरीक्षण जिलाधिकारी, बाँदा द्वारा किया गया। विद्यालय में लम्बे समय से अनुपस्थित चल रहे 02 अनुदेशकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए। विद्यालय में निरीक्षण के दौरान उपस्थिति के सापेक्ष भौतिक रूप से बच्चों की संख्या कम पाए जाने काफी संख्या में बच्चों के यूनीफार्म में न मिलने तथा कम्पोजिट ग्राण्ट व्यय न करने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए।

## विधायक ने राजकीय हाईस्कूल विद्यालय के लिए किया भूमि पूजन

**बबेरू/ओरन/बांदा।** बिसण्डा ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंहपुर में ग्राम प्रधान राममिलन शिवहरे की अध्यक्षता में नरैनी विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा द्वारा राजकीय हाईस्कूल विद्यालय का भूमिपूजन किया गया। इस विद्यालय की मांग पिछले कई वर्षों से ग्राम वासी कर रहे थे, कि हमारे ग्राम में आठवीं कक्षा के बाद कोई भी विद्यालय नहीं है, तो विधायक जी ने माननीय शिक्षा मंत्री जी से मुलाकात कर इस विद्यालय को स्वीकृति करवाया और मंगलवार को विधायक जी द्वारा राजकीय हाईस्कूल विद्यालय का भूमिपूजन सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्री देवमूरत द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष आशीष अनुरागी, भाजपा नेता पवन बाबू, मंडल उपाध्यक्ष राजाबाबू चतुर्वेदी, शशिकांत त्रिपाठी, राज नारायण द्विवेदी, मुन्ना लाल त्रिपाठी, नीरज कबीर, राजकिशोर रैकवार, रामगोपाल यादव, आदि ग्राम वासी एवं क्षेत्र वासी मौजूद रहे।

# अवैध प्लाटिंग पर चला बीडीएम का चाबुक, नोटिस जारी

**बाँदा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में तेजी से फैल रही अवैध कॉलोनियों पर बाँदा विकास प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए एक साथ कई स्थानों पर कार्रवाई की है। चिल्ला रोड, तुलसी नगर और गुरेह बिसंडा रोड क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र और अनुमति के की जा रही अवैध प्लाटिंग व विकास कार्यों पर कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्माण तत्काल रुकवाया गया है। कुल मिलाकर लगभग 17 बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने के मामले सामने आए हैं।

शहर के सर्किट हाउस के सामने माइनिंग ऑफिस के बगल में चिल्ला रोड पर करीब दो बीघा भूमि में बिना नक्शा पास कराए अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने पर बांदा विकास प्राधिकरण ने आकाश चौबे, बीरबल सिंह और रवि द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता ने मौके पर कोई स्वीकृत लेआउट या तलपट मानचित्र नहीं पाया। प्राधिकरण ने निर्माण कार्य तत्काल रोकने के निर्देश देते हुए संबंधित लोगों को सात जनवरी 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखने को कहा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर ध्वस्तीकरण और भारी जुर्माने की चेतावनी दी गई है। इसी क्रम में तुलसी नगर आवासीय योजना के पीछे, ज्योति नगर बाबा तालाब के पास लडाकापुरवा क्षेत्र में लगभग छह बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई की गई है।

# आजादी के जश्न में डूबा जलालाबाद, शान से फहरा तिरंगा

▸ ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



आजादी का महापर्व 77वां गणतंत्र दिवस कस्वा समेत आस पास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। समस्त सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में आन- वान- शान से ध्वजारोहण कर संविधान निर्माताओं को नमन किया। क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र में अध्यक्ष डॉ वीके कन्नौजिया, लिली कोल्ड स्टोरेज में पुष्कर कन्नौजिया, डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ हेमेंद्र सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य एस0के0 पांडेय, अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में प्राचार्य डॉ हरिओम, कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना, कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद में प्रधानाध्यापक नीरेंन कुमार, कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा में प्रधानाध्यापक आशीष मिश्रा, पं दीनदयाल राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जसोदा में प्रधानाचार्य डॉ विष्णुकांत गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में प्रधानाध्यापिका रेनु कमल, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में प्रधानाध्यापक अबध नारायण, पीएचसी जसपुरापुर सरैया में डॉ अनिल यादव, पीएचसी अनौगी में डॉ माजिद सहित आदि में सभी ने समय से झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने देश भक्ति गीतों पर प्रस्तुति कर मन मोहा लिया। प्राचार्य डॉ हेमेंद्र सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण कराने के साथ हमें संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति प्रेरित भी करता है।

# धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस महोत्सव

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



देश का 77वां गणतंत्र दिवस नगर व ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। कई जगह झंडा फहराने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। नवीन मंडी में तिरंगा फहराने के बाद गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा आज ही के दिन देश का संविधान लागू हुआ था। इसका पालन करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके अलावा हरभान सिंह मो. साजिद, अमन यादव ने भी विचार व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी पंकज प्रसाद दुबे के संचालन में हुए कार्यक्रम में महामंत्री संगीता गुप्ता, उपाध्यक्ष मो. हसीब, विनोद गुप्ता सेठ, सत्यम गुप्ता, आदेश यादव, वरुण गुप्ता गोलू, नन्हे सिंह लोधी राजपूत, अवधेश पाठक सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और पल्लेदार मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय रामपुर बैजू में ग्राम प्रधान प्रीति चंद्रा एवं डॉ एस. चन्द्रा ने 100 बच्चों को मिल्टन की वाटर बॉटल, बूंदी और समोसों का वितरण किया। प्रधानाध्यापिका इशरत जहां ने आभार जताया। सुप्रभाष एकेडमी आवास विकास कॉलोनी में प्रधानाचार्या अलका गुप्ता व स्वतंत्रता सेनानी जुगल किशोर सक्सेना की पौत्र वधुओं सुरभि व नेहा ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर एनुअल स्पोर्ट्स मीट के विजेता, उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड और मेडल्स प्रदान किए गए। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जुगल किशोर सक्सेना की जीवनी भी बच्चो को पढ़ कर सुनाई गई। जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, स्वतंत्रता सेनानी जुगल किशोर सक्सेना के पौत्रों एडवोकेट प्रणव सक्सेना, मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने ध्वज फहराया। अंत में एनुअल स्पोर्ट्स मीट के विजेताओं को शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

## पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री को किया गया याद

**नरैनी/बांदा।** पूर्व मंत्री स्व. सुरेन्द्र पाल वर्मा को पुण्यतिथि मनाकर उनके कार्यों को याद किया गया।कार्यक्रम का आयोजन बेटी शालिनी वर्मा ने किया।इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगो ने हिस्सा लिया।नरैनी विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक और दो बार प्रदेश सरकार में मंत्री रहे सुरेंद्र पाल वर्मा की पुण्य तिथि शंकर पुरवा में मनाई गई। इस दौरान क्षेत्रीय लोगो के अलावा समाज के लोगो ने पहुचकर श्रद्धाजंलि अर्पित की। जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष हनुमान दास राजपूत ने कहा कि राजनीति के शिखर तक पहुंच उनके क्रिया कलापों को लोग आज भी उनको याद करते है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा और चित्रकूट सदर से पूर्व विधायक रहे वीर सिंह पटेल ने भी डॉ सुरेंद्र पाल वर्मा को श्रद्धाजंलि अर्पित किया।

# बहुत पहले बन जाना चाहिए था यूजीसी कानून : सुनील कुमार चित्तौड़

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



▸ 4 फरवरी को होगी संवैधानिक अधिकार बचाओ, भाईचारा बनाओ महारैली

क्षेत्र के कसावा गांव में 4 फरवरी को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में आयोजित महारैली को नगीना सांसद एवं भीम आर्मी के संस्थापक एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सुनील कुमार चित्तौड़ ने अन्य पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। गंगोत्री गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में यूजीसी कानून को लेकर उन्होंने कहा कि इसे बहुत पहले लागू कर देना चाहिए था। सरकार को जाति गणना के साथ आर्थिक जनगणना भी करानी चाहिए। बहुजन समाज की आबादी के अनुपात में आरक्षण कोटा लागू किया जाए। जाति और धर्म के नाम पर होने वाले अत्याचारों को तुरंत रोका जाए। भूमिहीन बहुजन समाज के लोगों को दिए गए पट्टों पर दबंगों के अवैध कब्जों को हटाकर उन्हें पट्टे सौंपे जाएं। प्रदेश में एक समान शिक्षा, चिकित्सा, सम्मान और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाए, निजीकरण को रोका जाए और पहले निजीकरण किए गए विभागों में भी आरक्षण लागू किया जाए। कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नाराजगी जताई और कहा कि प्रदेश में कानून का नामोनिशान नहीं बचा है। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में बिना आजाद समाज पार्टी के किसी की सरकार नहीं बनेगी। आने वाली सरकार बनाने में आजाद समाज पार्टी की निर्णायक भूमिका होगी और सरकार पर उनकी पार्टी की लगाम रहेगी। यह महारैली बहुजन समाज के अधिकारों और एकजुटता का मजबूत संदेश देने वाली साबित हो सकती है। कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारी में जुटे हैं, ताकि रैली ऐतिहासिक बन सके।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक गुलाम वारसी, जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम, राम गोपाल बाबू, शिवप्रकाश विश्वकर्मा, लाखन सिह चक, तुलसी राम बाल्मीकि, प्रदीप निगम, चांद बाघमारे, गंगाराम पाल, छविराम जाटव, अभिषेक आजद, जावेद वारसी, जयप्रकाश आजाद, अरुणेश प्रताप, सुन्दरम एडवोकेट, विजय गिहार, लाल मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

## सवर्ण आयोग गठन के लिए जनआंदोलन का लिया संकल्प, आरक्षण विरोधी गूंजे नारे

▸ अंग्रेजों की बांटो और राज करो नीति से भाजपा सरकार की तुलना की और सवर्णों से उठ खड़े होने का किया आह्वान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टॉप परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सवर्ण समुदाय के लोगों ने सवर्ण आयोग गठन के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। सवर्णो जागो होश में आओ जोश जगाओं का नारा बुलंद करते हुए सवर्ण मुखिया विनोद कुमार दुबे ने कहा कि आरक्षण की मार से सवर्णों की दो पीढ़ियां बर्बाद हो चुकी हैं। उनके बच्चे धरातल पर आ गए हैं। तीसरी पीढ़ी को बचाने के लिए आरक्षण समाप्त करना जरूरी है। उन्होंने भाजपा को सवर्णों की पार्टी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि 12 वर्षों से मन की बात सुनाने के बावजूद सवर्ण आयोग क्यों नहीं बना दुबे ने कहा, बंद करो ऐसी मन की बात जो सबके मन को न भाए। यदि सरकार नहीं चेती, तो जन आंदोलन जरूरी होगा। उन्होंने अंग्रेजों की बांटो और राज करो नीति से भाजपा सरकार की तुलना की और सवर्णों से उठ खड़े होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर देवकीनंदन दुबे, अजय दुबे, आसाराम, सुरेश, राजीव अग्निहोत्री, अंबुज शुक्ला, प्रमोद कुमार, आशीष कुमार, भैया लाल दुबे, शैलेश कुमार, अवध बिहारी दीक्षित, सम्राट दीक्षित, दिनेश पांडेय, रमेश कुमार, प्रिया, कामिनी, पप्पू दुबे व अमोल दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

▸ जिले की सभी सरकारी कार्यालयों/विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

77 वां गणतंत्र दिवस जनपद में श्रद्धा, हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस राष्ट्रीय पावन पर्व के उपलक्ष्य में जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने जनपदवासियों को शुभकामानाएं दीं। 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त सरकारी भवनों पर प्रातः 08:30 बजे ध्वजारोहण किया गया। सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरान्त राष्ट्रगान एवं संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई व कलेक्ट्रेट गेट पर स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि आजाद भारत के रूप में हमारा देश पूरी दुनिया में आज एक



नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी

परिपक्व राष्ट्र के रूप में भूमिका निभा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि आज इस राष्ट्रीय पर्व को पूरा देश मना रहा है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान बनकर लागू किया गया था। इसी के तहत नीति नियम को बनाकर धरातल पर लागू करने का बेस/आधार है संविधान। इसलिए हम गणतंत्र दिवस मनाते है। हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद विकास करेगा तो देश विकास करेगा। इसके लिए हम सबको अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी से कार्य करना होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त और राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर उप जिलाधिकारी सदर, आबकारी अधिकारी द्वारा भी अपने विचार वयक्त किये गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, पी.डी. डी.आर.डी.ए. व कलेक्ट्रेट के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा पुलिस लाइन पहुँचकर परेड का निरीक्षण किया व विभिन्न पुलिस कर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिये प्रमाण-पत्र प्रदान किये। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा राम मनोहर लोहिया जिला चिकित्सालय पहुँचकर मरीजो को फलों का वितरण किया गया। उसके बाद केंद्रीय कारागार पहुँचकर कारागर के अस्पताल में भर्ती बंदियों को फल वितरण किया गया। तत्पश्चात जिला कारागार पहुँचकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों व महिला बंदियों को फलों का वितरण किया गया।

अंकित दीक्षित
संवाददाता जलालाबाद

गौरी शंकर त्रिवेदी
तहसील संवाददाता जलालाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मदी की राजनीति में सादगी, ईमानदारी और संगठननिष्ठा का नाम
सौरभ गुप्ता
सशक्त, शालीन और विश्वसनीय शख्सियत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अवनीश कुमार
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पनेई विकास खण्ड पसगवां खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश्वरी देवी
पत्नी राजेन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान जमिरहा
विकास खण्ड पसगवां खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्याम बिहारी भोजवाल
अध्यक्ष
नगर पंचायत बरखेड़ा
जनपद पीलीभीत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुरुमेज सिंह
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम– कल्लुआ
विकास खण्ड पसगवां खीरी

भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव राघव
परशुरामपुरी जलालाबाद
प्रतिनिधि
श्री अरुण सागर मा0 सांसद, शाहजहांपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुन्नी देवी
ग्राम प्रधान
राम औतार मौर्य
प्रधान पति
ग्राम पंचायत–कौही, मिर्जापुर शाहजहाँपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर गुप्ता (डिम्पल)
नगर अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, मो0–9935102019
आवास– वार्ड नं0–18 मदन नगर
कलान, जलालाबाद शाहजहांपुर।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मलिक पाण्डेय
समाजसेवी, प्रधान पति
ग्राम पंचायत गुरगवां, वि0खं0
जलालाबाद, शाहजहांपुर।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमर सिंह पाल
रामनरायन इण्डेन गैस सर्विस, राजपुर करन, अरूहो
श्री गोगा जी महाराज किसान सेवा केन्द्र
इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्पग्यासपुर, खड़िनी (कन्नौज) मो0–9450008431

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लाइफ लाइन
मेडिकल सेन्टर
गुलोली रोड, मोम्मदी, खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 शाहिद अली
प्रबंधक
कुलदीप कुमार श्रीवास्तव
प्रिंसिपल
साबिर अली इंटर कॉलेज न0पं0–बरवर खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन पाण्डेय
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय भोगीपुर पाठक
विकास खण्ड, पसगवां खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री जगपाल सिंह
(प्रबंधक)
श्री फुलवार सिंह कन्या पब्लिक स्कूल
धियरई, वि0खं0–मदनापुर, शाहजहांपुर।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री परशुराम गौतम
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
जलालाबाद शाहजहांपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोमेश अग्निहोत्री
चिकित्सा अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
जलालाबाद शाहजहांपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश सक्सेना
प्रधान पति
ग्राम पंचायत गुनारा
जलालाबाद शाहजहांपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राघवेन्द्र सिंह छोटू
पुत्र मदनपाल सिंह
प्रत्याशी
जलालाबाद तृतीय से जि0पं0सदस्य पद हेतु
निवासी–भुड़ियाभूड़, जलालाबाद
शाहजहांपुर। मो0–6394314236

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार
फील्ड आफीसर जेड सिक्योरिटी
कोलाघाट ब्रिज, शाहजहांपुर।

नववर्ष 2026
मकर संक्रान्ति, बसन्त पंचमी
एवं
26 January गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें

Happy Republic Day 2026
DOON Public School

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपू यादव
कॉन्टैक्टर एंड सप्लायर
बिल्डिंग मटेरियल
ब्लॉक पसगवां, लखीमपुर खीरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अतुल कुमार दिनकर
प्रभारी सह रजिस्टार
परशुरामपुरी जलालाबाद
जनपद शाहजहांपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार कुशवाहा
ग्राम–ककराला
जलालाबाद शाहजहांपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड जलालाबाद शाहजहाँपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनमोहन द्विवेदी उर्फ गोपाल
पूर्व प्रत्याशी
नगर पालिका परिषद जलालाबाद
व समाजसेवी परशुरामपुरी
जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरस्वती ज्ञान मंदिर
जूनियर हाई स्कूल
भूपेन्द्र सिंह
प्रबन्धक
पिटारमऊ रोड
जलालाबाद,
शाहजहांपुर।

नववर्ष –2026
लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, बसंत पंचमी
गणतंत्र दिवस एवं महाशिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं।
ब्लाक जलालाबाद वार्ड नं. 4 से
जिलापंचायत सदस्य
सुमित कुशवाहा उर्फ सोनू

नववर्ष – 2026
लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, बसंत पंचमी, गणतन्त्र दिवस
गंगास्नान, एवं महाशिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनायें
परशुरामपुरी जलालाबाद वार्ड नं. 4 से
जिला पंचायत सदस्य
पद हेतु सम्भावित प्रत्याशी
राजेश पाठक उर्फ शानू
मो. 8840482104

लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, बसंत पंचमी, गणतन्त्र दिवस
महाशिवरात्रि एवं रमज़ान
की हार्दिक शुभकामनायें
जलालाबाद वार्ड नं. 3 से
जिला पंचायत सदस्य
पद हेतु आगामी प्रत्याशी
पूनम सिंह पत्नी रजनीश सिंह
निवेदक : समस्त सम्मानित क्षेत्रवासी

सभी भारतवासियों को
2026 नव वर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर शराफत अली मंसूरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुप्रिया पटेल
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड जलालाबाद
जनपद शाहजहांपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आकिल सिद्दीकी
विधानसभा प्रभारी
जलालाबाद शाहजहांपुर
बहुजन समाज पार्टी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र पाल सिंह यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
कटियुली, जलालाबाद,
शाहजहांपुर।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री प्रताप सिंह
प्रधानाचार्य
बी0ए0, बी0एड.
श्री फुलवार सिंह कन्या पब्लिक स्कूल, धियरई
वि0खं0 मदनापुर,
शाहजहांपुर।
मो0–9198728899

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महादेव चिकित्सालय
फर्रुखाबाद रोड याकूबपुर चौराहा, जलालाबाद, शाहजहांपुर।
हमारे यहां 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध है।
प्रबंधक निदेशक
सैलेन्द्र सिंह कुशवाहा
मो0 8127587817
संचालक
आलोक श्रीवास्तव
मो0–9559515623
डा0 विकास अग्रवाल, एम0बी0बी0एस
डा0 अनुराग दीक्षित, बी0ए0एम0एस0
डा0 रुचि श्रीवास्तव बी0ए0एम0एस0

हमारे यहां 24 घंटे हर सुविधा उपलब्ध है।
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लाइफ लाइन हॉस्पिटल
जलालाबाद में चिकित्सा सुविधा का एक आगामी कार्यक्रम
हॉस्पिटल में सुविधाएं– सभी तरह की जनरल सर्जरी, आई0सी0यू0, आधुनिक आपरेशन कक्ष, ब्लड की समस्या, जांचे अत्याधुनिक लैब द्वारा की जाती हैं। दिल की जांच ई0सी0जी0 की जाती है।
बीमारी– डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया, दिमागी बुखार, चिकिन गुनिया, सांस रोग, आंत का फटना, ट्यूमर, प्रोस्टेट आदि समस्त बीमारियों का इलाज प्रशिक्षित डाक्टरों द्वारा किया जाता है।
मो0 मोआज्जम हयात
डा0 किशन यादव एम0बी0बी0एस0 जनरल फिजीशियन
डा0 वसीम खान एम0बी0बी0एस0, एम0एस0 सर्जन
डा0 अंजलि मिश्रा एम0एस0 स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
मो0–6388557002, 8009898305, 8090505836
पता– निकट रिलायंस पेट्राल पम्प याकूबपुर चौराहा, जलालाबाद, शाहजहांपुर।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार
कुशवाहा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–बहेड़ा, शाहजहांपुर

# गणतंत्र दिवस

पर देशवासियों को हार्दिक बधाई

## समृद्धि न्यूज जनपद कन्नौज परिशिष्ट







